आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 26.12.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- 38वें राष्ट्रीय खेलों की मशाल रैली आज हल्द्वानी से शुरू होगी। पैंतीस दिनों में मशाल रैली तीन हजार आठ सौ से अधिक किलोमीटर का सफर करेगी तय।
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने हल्द्वानी के गौला पार स्टेडियम में नवनिर्मित फुटबॉल मैदान और हल्द्वानी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण किया।
- केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में दस हजार से अधिक नव स्थापित बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां राष्ट्र को समर्पित की।
- देहरादून जिला प्रशासन अवैध खनन और परिवहन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा।
- राज्य में कल बारिश और बर्फबारी की संभावना।

मशाल रैली

38वें राष्ट्रीय खेलों की मशाल रैली का आयोजन आज से शुरू हो रहा है। यह रैली हल्द्वानी से शुरू होकर पैंतीस दिनों में तीन हजार आठ सौ तेईस किलोमीटर का सफर तय करेगी और राज्य के तेरह जिलों के निन्यानवे स्थानों पर जाएगी। इस रैली का उद्देश्य राष्ट्रीय खेलों के प्रति जागरूकता फैलाना है। अल्मोड़ा और पौड़ी जिले में सबसे ज्यादा चौदह–चौदह मशाल केंद्र होंगे। मशाल रैली के समाप्त होते ही, 28 जनवरी को राष्ट्रीय खेलों का विधिवत उद्घाटन होगा।

लोकार्पण

प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने हल्द्वानी के गौला पार स्टेडियम में नवनिर्मित फुटबॉल मैदान और हल्द्वानी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण किया। फुटबॉल मैदान दो करोड़ अस्सी लाख रुपए, जबकि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पन्द्रह करोड़ रुपए से अधिक की लागत आई है। इस अवसर पर खेल मंत्री ने कहा कि इन नई सुविधाओं का निर्माण क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और 38वें राष्ट्रीय खेलों के ऐतिहासिक आयोजन में मील का पत्थर साबित होगा। श्रीमती आर्या ने राष्ट्रीय खेलों के लिए फुटबॉल के विशेष प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें विशेष स्पोर्ट्स किट वितरित किए।

यातायात योजना–नैनीताल

क्रिसमस और नव वर्ष 2025 के दौरान सैलानियों की भारी भीड़ को देखते हुए नैनीताल पुलिस ने शहर में नई यातायात योजना लागू की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देशन में तैयार की गई इस योजना के तहत शहर में पर्यटकों के वाहनों के प्रवेश पर नियंत्रण रखा जाएगा।

~~नई योजना के अनुसार, निर्धारित पार्किंग स्थलों के भरने पर शेष वाहनों को अन्य पार्किंग में भेजा जाएगा, और शटल सेवा द्वारा उन्हें शहर में लाया जाएगा। साथ ही, 31 दिसम्बर और पहली जनवरी को शहर में दुपहिया वाहनों के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। ये वाहन रूसी–1 और रूसी–2 पर पार्क किए जाएंगे और शटल सेवा से शहर में प्रवेश मिलेगा। पुलिस प्रशासन ने पर्यटकों से सहयोग की अपील की है, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से बनी रहे और शहर में यातायात संबंधी समस्याओं से बचा जा सके।~~

सहायता राशि

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल ज़िले के भीमताल के ओखल क्षेत्र में हुई बस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों और घायलों को राहत राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। इस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को 3 लाख रुपये और सामान्य घायलों को 15 से 25 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। गौरतलब है कि कल ओखल क्षेत्र में उत्तराखंड परिवहन निगम की एक बस के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से चार लोगों की मृत्यु हो गई थी और 21 अन्य घायल हो गए थे।

अनावरण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने देहरादून के लेखक गांव में कल पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर नालंदा पुस्तकालय और अनुसंधान केंद्र तथा 72 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज स्मारक का उद्‌घाटन भी किया गया। मुख्यमंत्री धामी ने इस अवसर पर अटल जी की दूरदर्शिता और नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनका योगदान भारतीय राजनीति और समाज के लिए हमेशा प्रेरणादायक रहेगा। इस कार्यक्रम में पद्‌म भूषण श्री रजत शर्मा सहित कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं।

## प्राथमिक कृषि सहकारी समिति समर्पित

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में दस हजार से अधिक नई स्थापित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां राष्ट्र को समर्पित की। ये समितियां पशु–पालन और मत्स्य उद्योग से भी संबंधित हैं। इस अवसर पर श्री शाह ने नवगठित समितियों को पंजीकरण प्रमाण–पत्र, रुपे किसान क्रेडिट कार्ड और लघु ए टी एम भी वितरित किए। इन्हें पंचायतों में क्रेडिट सेवाओं की पहुंच उपलब्ध कराने और वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहन देने के लिए तैयार किया गया है। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार सहकारिता को प्रोत्साहन देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई शक्ति दे रही है।

## अवैध खनन कार्रवाई

देहरादून में अवैध खनन और परिवहन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी सविन बसंल ने इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने राजस्व विभाग, जीएसटी, वन और अन्य संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे संयुक्त रूप से अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान चलाएं। श्री बंसल ने कहा कि यदि किसी अधिकारी की अवैध खनन में संलिप्तता पाई जाती है, तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए अभियोग दर्ज करना अनिवार्य होगा और खनन माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मौसम

उत्तराखंड में मौसम एक बार फिर से करवट बदल सकता है। राज्य के सभी जिलों में कल बारिश और बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के दो हजार पांच सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में कल बर्फबारी की संभावना है। साथ ही अन्य हिस्सों में कई स्थानों पर बारिश हो सकती है। इसके बाद, 28 दिसंबर को भी बारिश और बर्फबारी का दौर जारी रहेगा और इस दिन राज्य के दो हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी हो सकती है। इस बीच, राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में रात के समय पाला पड़ने से कई हिस्सों में कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। मैदानी हिस्सों में भी तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

## क्रिकेट

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी का चौथा क्रिकेट टेस्ट मैच आज मेलबर्न में खेला जा रहा है। इस बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया ने दोपहर के भोजनकाल तक एक विकेट के नुकसान पर 112 रन बना लिये हैं।

अब एक नजर समाचार पत्रों की सुर्खियों पर

नैनीताल में हुई बस दुर्घटना की ख़बर सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता के साथ दिया है। हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– भीमताल में बस खाई में गिरी, चार की मौत, पिथौरागढ़ से हल्द्वानी आ रही थी बस, 25 यात्री हुए घायल। मृतकों के परिजनों को दस–दस लाख की मदद।

गैरहाज़िर चल रहे 158 चिकित्सक किए बर्खास्त। इस शीर्षक के साथ अमर उजाला समाचार पत्र के अनुसार प्रदेश में लंबे समय से गैरहाज़िर चिकित्सकों की सेवांए समाप्त कर दी गई हैं और उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड से नई भर्ती की जाएगी।

साइबर अपराध से जुड़ी घटनाओं पर नवोदय टाइम्स लिखता है– साइबर ठगों ने उत्तराखंडियों से ठग लिए 200 करोड़ रुपए। नवम्बर तक आईटी एक्ट के 483 मामले दर्ज, शिकायते हैं तीस हजार। समाचार पत्र के अनुसार राज्य में हर दिन कोई न कोई साइबर ठगी का शिकार हो रहा है।

राजधानी के 73 वार्डों में घर–घर कूड़ा उठान ठप। इस ख़बर के साथ दैनिक जागरण लिखता है– वाटरग्रेस और इकोन के कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर की हड़ताल, आम लोगों की बढ़ी परेशानी।

अवैध खनन पर कंपाउंडिंग पेनाल्टी नहीं, केस होगा। हिंदुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ ख़बर लिखता है कि देहरादून के डीएम सविन बंसल ने अवैध खनन और भंडारण के खिलाफ अफसरों को सख्त हिदायत जारी की है।